# एसीएस वर्णवाल ने स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 मई.** प्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने बुधवार को अपने

**बिरला नगर सिविल हॉस्पिटल से लेकर जेएएच तक सघन निरीक्षण**

**हजीरा सिविल अस्पताल की व्यवस्थाएं देख खुश हुए अपर मुख्य सचिव, टीम को सराहा**

ग्वालियर प्रवास के दौरान शहर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का मैराथन निरीक्षण किया। श्री वर्णवाल ने सुबह मुरार जिला अस्पताल से अपने दौरे की शुरुआत की और इसके बाद हजीरा सिविल अस्पताल, बिरला नगर सिविल अस्पताल सहित अंचल के सबसे बड़े जयारोग्य चिकित्सालय समूह की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।



**सुविधाओं और संसाधनों का लिया अपडेट-** बिरला नगर अस्पतालों में भी अपर मुख्य सचिव ने मरीजों से चर्चा की और स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप हर मरीज को नि:शुल्क दवाएं और जांच की सुविधा समय पर मिलनी चाहिए। तकनीकी उपकरणों के रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अपर मुख्य सचिव के इस सघन दौरे के दौरान एनसीडी नोडल अधिकारी प्रबल प्रताप सिंह , बिरला नगर सिविल हॉस्पिटल में चिकित्सा अधिकारी और विशेषज्ञ अधीक्षक डॉ. प्रशांत नायक, डॉ. आलोक यादव, डॉ. शुभेन्द्र यादव, डॉ. जेपीएस कुशवाह, डॉ. केजी राजौरिया, डॉ. दिनेश प्रसाद, डॉ. कुलेन्द्र यादव, डॉ. आनंद रावत एवं डॉ. सम्राट बौद्ध मौजूद रहे। अधिकारियों ने एसीएस को अस्पतालों की आगामी कार्ययोजना और आवश्यक संसाधनों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। श्री वर्णवाल ने जेएएच परिसर में भी स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

### हजीरा अस्पताल की चाक-चौबंद व्यवस्थाओं की सराहना

निरीक्षण के दौरान एसीएस हजीरा सिविल अस्पताल की व्यवस्थाओं से प्रभावित नजर आए। उन्होंने यहाँ केजुअल्टी, सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड कक्षों का अवलोकन किया। दवा स्टोर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवाओं के रख-रखाव और वितरण प्रणाली की जानकारी ली। विशेष रूप से आईसीयू और पीआईसीयू के साथ-साथ जनरल वार्डों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। वार्डों के वॉशरूम्स (प्रसाधन) साफ-सुथरे मिलने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। अस्पताल की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलने पर एसीएस श्री वर्णवाल ने खुशी जाहिर की और अस्पताल प्रबंधन व स्टाफ के समर्पण भाव की प्रशंसा की।

# जज के सूने मकान में चोरी


नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 मई.** शहर के हजीरा थाना अंतर्गत न्यू कॉलोनी नंबर-1 बिरला नगर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। अज्ञात बदमाशों ने सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक न्यायाधीश के सूने मकान को निशाना बनाया। चोर घर का ताला तोड़कर भीतर घुसे और अलमारी के लॉकर से

**हजीरा थाना क्षेत्र के बिरला नगर की घटना, मंडला में पदस्थ हैं प्रधान न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य**

चांदी का सामान चोरी कर रफूचक्कर हो गए। जानकारी के अनुसार, प्रकाश चंद्र आर्य वर्तमान में प्रधान न्यायाधीश के पद पर मंडला में कार्यरत हैं और उनका परिवार भोपाल में रहता है। ग्वालियर के बिरला नगर स्थित उनका मकान वर्तमान में सूना है, जिसे वे बेचना चाहते हैं।

सुबह जब पड़ोसी महेंद्र आर्य ने घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा देखा, तो तत्काल इसकी सूचना न्यायाधीश की पत्नी को दी। चोरी की सूचना मिलते ही न्यायाधीश



के ग्वालियर निवासी दामाद डॉ. योगेश मौके पर पहुंचे। घर के भीतर सारा सामान बिखरा हुआ था और अलमारी का लॉकर टूटा पड़ा था।

डॉ. योगेश की सूचना पर हजीरा थाना पुलिस बल मौके पर पहुँचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हजीरा थाना टीआई जितेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक, चूंकि मकान बिकाऊ है, इसलिए परिवार ने वहां ज्यादा कीमती सामान नहीं रखा था। चोरों के हाथ केवल कुछ चांदी का सामान ही लगा है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

# वेतन और सुरक्षा को लेकर आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सौपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 मई.** मध्य प्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य

**प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह बोले- मांगें पूरी न हुईं तो प्रदेशव्यापी हड़ताल को बाध्य होंगे कर्मचारी**

कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को ग्वालियर प्रवास पर आए लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल से मुलाकात की। संघ ने प्रदेश के करीब 30 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों की बदहाल स्थिति को लेकर 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए जल्द निराकरण की अपील की।

### 4-5 माह से वेतन नहीं, भुखमरी की कगार पर कर्मचारी



ज्ञापन सौंपते हुए प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह ने एसीएस को बताया कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों और संजीवनी क्लीनिकों में कार्यरत हजारों कर्मचारियों को पिछले 4 से 5 महीनों से वेतन नहीं मिला है। निजी एजेंसियों और अधिकारियों की कथित मनमानी के चलते कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा जैसे नियमों की सरेआम अनदेखी की जा रही है।



# किसानों की फार्मर आईडी बनाने लगे शिविर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 मई.** जिले में कृषि भूमि के मालिक शेष किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में बुधवार को ग्राम स्यावरी, उदयपुर, डांग गुठीना, गिरगांव, महरोली, डबका, जेबरा, कुलैथ व जिगसौली सहित जिले के अन्य ग्रामों में विशेष शिविर लगाकर फार्मर रजिस्ट्री का काम किया गया। कलेक्टर रुचिका चौहान ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को अभियान के माध्यम से शतप्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

जिले में यह अभियान 20 मई तक चलेगा। इसके तहत सभी भूधारी किसानों का पंजीयन कर

**20 मई तक चलेगा अभियान**

उनकी फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जा रही है। साथ ही किसानों की सभी कृषि भूमियों को आईडी से जोड़ा जा रहा है।

कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को यह भी निर्देश दिए हैं कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के एफआरए पट्टाधारी किसानों की फार्मर आईडी बनाना भी सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों की भूमि संबंधी जानकारी एकीकृत रूप से उपलब्ध रहेगी। इससे शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ किसानों तक आसानी से पहुंच सकेगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अभियान की प्रतिदिन मॉनीटरिंग की जाए। फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल एवं एमपीएफआर पोर्टल पर उपलब्ध रिपोर्टों के आधार पर प्रगति की समीक्षा होगी।

### महाविद्यालयों में ई-प्रवेश पंजीयन 15 मई तक

**ग्वालियर, 13 मई.** उच्च शिक्षा विभाग के ई-प्रवेश पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया जारी है। ई-प्रवेश को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह देखा जा रहा है। विभाग ने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि वे प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई से पहले प्रवेश संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी कर लें। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार स्नातक प्रथम चरण की आवंटन सूची 20 मई तथा स्नातकोत्तर प्रथम चरण की आवंटन सूची 21 मई को जारी की जाएगी।


## कार्यालय आयुक्त, नगर पालिक निगम, ग्वालियर

क्र.01/26/2/10/सा.प्र./ 2026 ग्वालियर, दिनांक 11/5/2026

**विज्ञप्ति**

नगर पालिक निगम, ग्वालियर के विनियमित कर्मचारी (1) श्री रविन्द्र सिंह पुत्र श्री विजय सिंह सिकरवार, विनियमित, कुशल (2) श्री दिलीप सिंह पुत्र श्री एम.एम. राजपूत, विनियमित कुशल (3) श्री हबीब खान पुत्र श्री मुन्ने खान विनियमित, अकुशल ये लगभग विगत 07 वर्षों से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं (4) श्री प्रवीण सर्जे पुत्र श्री प्रकाश सर्जे, विनियमित अर्द्धकुशल लगभग 01 वर्ष से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित एवं (5) श्री विष्णु राजपूत पुत्र श्री अमृतलाल अकुशल दिनांक 28.02.2026 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होने के परिणाम स्वरूप उक्त पांचों कर्मचारी के संबंध में कार्यालयीन आदेश दिनांक 24.04.2026 द्वारा सेवा समाप्त की गई है। यह विज्ञप्ति संबंधितों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है।

**अपर आयुक्त, सा.प्र.**
**नगर निगम, ग्वालियर**


# तेरा तुझको अर्पण : पुलिस ने लौटाए 571 गुमशुदा मोबाइल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 मई।** 'तेरा तुझको अर्पण' अभियान के तहत ग्वालियर पुलिस ने आमजन को एक बड़ी सौगात दी है। साइबर सेल ग्वालियर ने सी.ई.आई.आर. पोर्टल की मदद से पिछले 2 महीनों में देश के विभिन्न राज्यों से 1 करोड़ 41 लाख रुपये की कीमत के 571 मोबाइल बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंपे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह ने आज एक कार्यक्रम के दौरान मोबाइल धारकों को उनके फोन वितरित किए। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर आवेदकों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

**रिकॉर्ड बरामदगी:** आंकड़ों पर एक नज़र:पुलिस द्वारा गुम मोबाइल खोजने के अभियान में लगातार तेजी देखी जा रही है?। वर्ष 2026 में अब तक 1122 मोबाइल बरामद कीमत लगभग 2.74 करोड़, वर्ष 2025 कुल 1503 मोबाइल बरामद कीमत लगभग 3.72 करोड़।





**आवेदकों के चेहरे पर लौटी मुस्कान**

**इनके लौटे मोबाइल, मिली बड़ी राहत:** मोबाइल वापस पाने वालों में समाज के हर वर्ग के लोग शामिल थे, जिनके लिए उनका फोन केवल एक उपकरण नहीं बल्कि आजीविका और कर्तव्य का साधन था। सपना श्रीवास्तव शिक्षक का ड्यूटी के दौरान फोन गुम हुआ था। रामकुमार राजावत आर्मी जवान छुट्टी पर ग्वालियर आए थे, तब मोबाइल खो गया था। आकाश राठौर फील्ड जॉब मोबाइल न होने से नौकरी में परेशानी आ रही थी । पुष्पा बाथम मेहनत-मजदूरी कर जीवन यापन करने वाली पुष्पा का फोन काम पर जाते समय खो गया था। अजय सिंह छात्र का ट्रेनिंग के दौरान मोबाइल गुम होने से छात्र बेहद परेशान था।

**जागरूक नागरिकों का हुआ सम्मान:** पुलिस ने उन नागरिकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जिन्होंने ईमानदारी का परिचय देते हुए लावारिस मिले मोबाइल पुलिस को सौंपे। इनमें गौरव जैन, गौरव करासिया, भूपेन्द्र सिंह भदौरिया, आशीष उपाध्याय और सतेन्द्र यादव (112 चालक) शामिल हैं।

**सराहनीय टीम वर्क:** इस सफलता में एडिशनल एसपी सुमन गुर्जर और डीएसपी अपराध नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी उनि. रजनी सिंह रघुवंशी और उनकी पूरी टीम (आरक्षक सोनू प्रजापति, शिवकुमार, आशीष शर्मा व अन्य) के साथ-साथ विभिन्न थानों के आरक्षकों की मुख्य भूमिका रही। एसएसपी ग्वालियर ने पूरी टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

### कैसे काम करता है सी.ई.आई.आर. पोर्टल?

सी.ई.आई.आर. भारत सरकार के दूरसंचार विभाग का पोर्टल है। इसके जरिए गुम या चोरी हुए मोबाइल का आईएमईआई नंबर ब्लॉक किया जा सकता है, जिससे फोन का गलत इस्तेमाल रुक जाता है और पुलिस के लिए उसे ट्रैक करना आसान हो जाता है। मोबाइल गुम होने पर क्या करें? नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं। अपनी सिम दोबारा निकलवाएं। www.ceir.gov.in पर जाकर मोबाइल बिल और आईडी के साथ शिकायत दर्ज करें।

# व्हीआईएसएम हॉस्पिटल में मनाया गया नर्सेज डे

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 13 मई।** व्हीआईएसएम ग्रुप के अंतर्गत संचालित जय इंस्टीटयूट ऑफ नर्सिंग एण्ड रिसर्च एवं व्हीआईएसएम हॉस्पिटल में ''हमारी नर्सें हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती है'' थीम पर अंतराष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन व फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई । कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियॉ दी एवं नाटक के मंचन के माध्यम से मरीजों की देखरेख एवं नर्स के प्रति अच्छे व्यवहार को लेकर जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर ने बताया कि 'नर्सें हमारे स्वास्थ्य सेवा तंत्र की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। डॉक्टर सिर्फ इलाज देता है, लेकिन मरीज की सबसे ज्यादा देखभाल एक




नर्स करती है। नर्सें अपने सेवा भाव, धैर्य और समर्पण से मरीजों को नया विश्वास और हिम्मत देती हैं। आज के समय में नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है। हमारी नर्सें दिन-रात मेहनत करके मरीजों की देखभाल करती हैं और हर परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारी निभाती हैं। मैं सभी नर्सिंग विद्यार्थियों से कहना चाहता हूँ कि वे अपने कार्य को केवल नौकरी न समझें, बल्कि सेवा का माध्यम मानें। ईमानदारी, अनुशासन और संवेदनशीलता ही एक अच्छे नर्सिंग प्रोफेशनल की पहचान होती है। मुझे गर्व है कि अभी हाल ही में एम्स नोरसेट का रिजल्ट घोषित हुआ है जिसमें हमारे महाविद्यालय की पासआउट छात्रा श्यामा प्रिया बीएससी नर्सिंग ने ऑल इंडिया में 28वी रैंक हासिल की है एवं रोहित शर्मा बीएससी नर्सिंग के छात्र ने दिल्ली आयुष मंत्रालय में नर्सिंग के पद पर ऑल इंडिया में 67वीं रैंक हासिल की है। मैं ऐसे सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देता हूँ और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। उन्होनें यह भी कहा कि हमारे अस्पताल का प्रत्येक नर्सिंग स्टाफ मरीजों को परिवार की तरह देखभाल देकर भरोसा और उम्मीद देता है। मैं सभी नर्सिंग अधिकारियों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त करता हूँ । इस मौके पर संस्थान की चेंयरपर्सन सरोज राठौर, ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह, व्हीआईएसएम हॉस्पिटल के अधीक्षक, नर्सिंग स्टॉफ व छात्र-छात्राऐं मौजूद रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म के 5 आरोपियों को दबोचा

**ग्वालियर 13 मई।** थाना ग्वालियर पुलिस ने एक नाबालिग बालिका के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं।

घटना की शुरुआत 31 जनवरी को हुई थी, जब घासमंडी निवासी 16 वर्षीय नाबालिग बालिका कोचिंग जाने का कहकर घर से निकली और वापस नहीं लौटी। परिजनों की शिकायत पर थाना ग्वालियर में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने तकनीकी सहायता से बालिका को 1 मार्च 2026 को बेंगलुरु (चिक्कन्याकानाहली) से बरामद किया था। उस समय बालिका ने डर के कारण कुछ नहीं बताया था, लेकिन बाद में परिजनों को आपबीती सुनाई। पीड़िता ने बताया कि उसे अगवा कर कमरे में बंद किया गया और आरोपियों ने उसके साथ गलत काम किया।


## केनरा बैंक Canara Bank

भारत सरकार का उपक्रम / A Government of India Undertaking — सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

क्षेत्रीय कार्यालय: प्रथमतल सांई बाबा कॉम्पलेक्स,जीडीए बिल्डिंग के पास, फूलबाग, ग्वालियर फोन: 0751-2423126

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

परिशिष्ट -IV क {नियम 8(6) का परन्तुक देखें}

### अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना आम जनता को साधारणत: एवं निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियों के ऋणियों एवं जमानदारों को विशेषत: सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित सम्पत्तियां कैनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **29.05.2026 & 29.06.2026** को कैनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानदार का नाम | बकाया राशि / नीलामी दिनांक | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड़ बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| **शाखा: केनरा बैंक, एल.आई.सी. सिटी सेन्टर, Ph.: 79838-30415, E-mail : cb17781@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी-मैसर्स श्री आशीर्वाद ग्रुप प्रस्तावक श्री. संजय शर्मा,** पता: प्रधान साहब का बाड़ा जीवाजीगंज लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) **मालिक- श्री. संजय शर्मा** पता: प्रधान साहब का बाड़ा, जीवाजीगंज लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) **गारंटर- श्री. नवीन वानखेड़े** पता: मकान नं. 71, जय बगरंग नागार्ट अनूप सिनेमा के पास, इंदौर-452010 | Rs. 84,62,501.97/- + ब्याज एवं खर्चे; नीलामी दिनांक 29-05-2026 (सांकेतिक) | भूमि एवं भवन का आवंटन एम.एच. क्रमांक 30/1080 (पुराना), टोपे ग्वालियर वाला मोहल्ला, प्रधान साहब का बाड़ा के पास, जीवाजीगंज, लश्कर ग्वालियर में स्थित है। **चतुर-सीमाएं: उत्तर:** सड़क निगम, **दक्षिण:** शेष प्लॉट, **पूर्व:** सड़क निगम, **पश्चिम:** सरकारी भूमि। | Rs. 44,82,000/- / Rs. 4,48,200/- / Rs. 10,000/- |
| **शाखा: केनरा बैंक गोला का मदिंर, ग्वालियर, Ph.: 84483-38142, Email: cb2897@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी और बंधककर्ता: 1. श्रीमती स्मिता चतुर्वेदी पत्नी राजेश चतुर्वेदी** पता- अशोक कॉलोनी रोड, मुरार **2. राजेश चतुर्वेदी पुत्र जगदीश चंद्र जमानतदार: जोगेंद्र सिंह भदौरिया पुत्र श्री गोधन सिंह** पता-लाला साहब का बगीचा माल रोड मुरार | Rs. 6,13,542.37/- + ब्याज एवं खर्चे; नीलामी दिनांक 29-05-2026 (सांकेतिक) | आवासीय भवन श्रीमती स्मिता चतुर्वेदी पत्नी राजेश चतुर्वेदी के नाम पर, पानी की टंकी शमशान नदी पार ताल रोड मोरार, ग्वालियर के पास, क्षेत्रफल: 675 वर्ग फुट। **चतुर-सीमाएं - उत्तर:** अन्य का मकान, **पूर्व -** रोड और श्री नारायण जाटव का मकान, **दक्षिण -** अयोध्या मिश्रा का मकान, **पश्चिम -** पाठक का मकान। | Rs. 14,25,900/- / Rs. 1,42,590/- / Rs. 10,000/- |
| **शाखा: केनरा बैंक, भितरवार, Mob.: 8109323374, Email: cb5445@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी: मैसर्स ठाकुर बाबा मोटर्स प्रो. पंजाब सिंह परिहार पुत्र श्री खुशालीराम** पता: हर्सी रोड़, भितरवार ग्वालियर (म.प्र.)-475200 **प्रोपराइटर: पंजाब सिंह परिहार, पुत्र श्री खुशाली राम** पता: 28, एडवोकेट कॉलोनी, भितरवार (म.प्र.) पिन - 475200 | Rs. 29,90,118.45/- + ब्याज एवं खर्चे; नीलामी दिनांक 29-05-2026 (सांकेतिक) | भूमि एवं भवन आवासीय का आवंटन पंजाब सिंह परिहार सर्वे नं.3343/मिन-1, वार्ड नं.08 भितरवार, ग्वालियर (म.प्र.) क्षेत्रफल-800 वर्ग फीट (20*40), **चतुर-सीमाएँ-उत्तर:** नवल सिंह का प्लॉट, **दक्षिण:** बघेल का प्लॉट, **पूर्व:** सड़क, **पश्चिम:** भूमि या विक्रेता | Rs.18,43,400/- / Rs. 1,84,340/- / Rs. 10,000/- |
| **शाखा: केनरा बैंक, ग्वालियर, Mob.: 7987016450, Email: cb0295@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी- 1. मेसर्स ओम फैब्रिकेटर्स एण्ड कन्स्ट्रक्शन** पता: मां पीतांबरा विहार कॉलोनी, तानसेन रोड, काबरा का ताल, ग्वालियर, (म.प्र.)-474001 **2. श्री कल्याण सिंह रावत पुत्र श्री रामचरण सिंह रावत** पता: मकान नंबर-78, साकेत नगर ग्वालियर, (म.प्र.)-474001 **जमानतदार - श्रीमती ललिता देवी रावत श्री कल्याण सिंह रावत जी** पता: मकान नंबर-78, साकेत नगर ग्वालियर, (म.प्र.)-474001 | Rs. 7,11,598.91/- + ब्याज एवं खर्चे; नीलामी दिनांक 29-06-2026 (सांकेतिक) | आवासीय मकान का विवरण - एम.एच. नं. 17/1156, सर्वे नं.- 115 का भाग, काबरा का ताल, लोको शेड के पीछे, तानसेन रोड, ग्राम- महलगाँव, वार्ड नं.-17, ग्वालियर, म.प्र.-474001. क्षेत्रफल: 690 वर्गफुट, **चतुर सीमाऐं: पूर्व -** त्यागी जी का मकान, **उत्तर:** कॉलोनी रोड, **पश्चिम:** कॉलोनी रोड, **दक्षिण:** रावत जी का मकान | Rs. 49,50,000/- / Rs. 4,95,000/- / Rs. 10,000/- |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय 29.05.2026 & 29.06.2026, दोपहर 1 से 2 बजे तक (5 मिनट के असीमित विस्तार पर )**

**अन्य नियम व शर्तें:** (1) संपत्ति ''जैसी है जहां है'' स्थिति में बेची जाएगी, जिसमें कोई भार शामिल होगा। (बैंक के ज्ञान में कोई भार नहीं है। भार के विवरण के लिए, नीचे खंड 9 (डी) में संदर्भित बयाना राशि जमा करने से पहले नीचे हस्ताक्षरकर्ता से संपर्क करें)। नीलामी / बोली केवल **Website: http://baanknet.in** के माध्यम से ऑनलाइल इलेक्ट्रोनिक बोली के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है। (2) संपत्ति केवल आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर बेची जाएगी। (3) संपत्ति का निरीक्षण प्राधिकृत अधिकारी के साथ पूर्व नियुक्ति के साथ, **28.05.2026 & 28.06.2026** से पहले किसी भी कार्य दिवस पर दोपहर 3 से शाम 5 बजे के बीच किया जा सकता है। (4) इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम पोर्टल **http://baanknet.in/** पर पंजीकृत करना चाहिए और अपना यूजर आईडी और पासवर्ड नि:शुल्क प्राप्त करना चाहिए। (5) भावी बोलीदाता सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस (एबकेरे), श्री धर्मेश आशेर, संपर्क नंबर **98922-19848**, ई-मेल: **support.baanknet@ psballiance.com** और **avp-projectmanager2@ psballiance.com** से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं, हालांकि वेबसाइट **http://baanknet.in/** के माध्यम से असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी उन्हें वापस कर दी जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। (6) नीलामी ऊपर बताए अनुसार आरक्षित मूल्य पर शुरू होगी। बोलीदाता 10,000 रुपये के गुणकों में अपने प्रस्तावों में सुधार कर सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी के समापन पर सबसे ऊंची बोली (आरक्षित मूल्य से ऊपर) पेश करने वाले बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा। सुरक्षित लेनदार द्वारा इसकी पुष्टि के अधीन, सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जाएगी। (7) सफल बोलीदाता को स्वयं को सफल बोलीदाता घोषित करने के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) जमा करना होगा और यदि सफल बोलीदाता बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है तो सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करनी होगी। उसके द्वारा की गई जमा राशि बिना किसी नोटिस के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को तुरंत फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा। (8) 50 लाख रुपये (पचास लाख रुपये) और उससे अधिक की बिक्री आय के लिए, सफल बोलीदाता को बिक्री आय पर 1 प्रतिशत की दर से टीडीएस काटना होगा और बैंक को टीडीएस प्रमाण पत्र की मूल रसीद जमा करनी होगी। (9) सभी परिवहन शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और किसी भी स्थानीय प्राधिकरण को कोई कर, राजस्व/बकाया केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा। (10) प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी के नियमों व शर्तों को स्थगित/रद्द या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है। (11) यदि ऐसे बोलीदाता हैं जिनके पास इंटरनेट तक पहुंच नहीं है, लेकिन वे ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक हैं, तो वे संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय या किसी शाखा से संपर्क कर सकते हैं, जो एक सुविधा केंद्र के रूप में आवश्यक व्यवस्था करेंगे। (12) **28.05.2026 & 28.06.2026** को या उससे पहले नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/चालान के माध्यम से एबक्रे वेबसाइट के सफल पंजीकरण के बाद आरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत ईएमडी राशि ई-वॉलेट में जमा की जानी है। ईएमडी राशि को ई-वालेट में सफलतापूर्वक स्थानांतरित करने के बाद, बोलीदाता पात्र संपत्तियों में भाग ले सकता है। अधिक जानकारी के लिए रिकवरी और लीगल सेक्शन, केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर मोबा: 8989992605 से संपर्क करें।

स्थान: ग्वालियर | दिनांक: 13-05-2026 | प्राधिकृत अधिकारी कैनरा बैंक


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95